Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to transfer the allocated money in the bank account of farmers who were affected iby the natural calamities in Mandsaur.

श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद । आपके माध्यम से मैं देश के प्रधान मंत्री माननीय मोदी जी को और गृह मंत्री अमित शाह जी को धन्यवाद देना चाहूंगा । इस सदी की सबसे भीषण तबाही मेरे संसदीय क्षेत्र में आई थी, जिसके कारण 40 हजार से अधिक घर टूटे थे और किसानों की फसलें बर्बाद हुई थीं, व्यापारियों का व्यापार और स्टॉक तबाही की ओर गया था । माननीय अमित शाह जी ने एसडीआरएफ के फंड में 1,066 करोड़ रुपये की बड़ी राशि तत्काल स्वीकृत की थी । हमारे आग्रह पर अभी 1,000 करोड़ रुपये की राशि उन्होंने और स्वीकृत की है ।

मैं आपके माध्यम से राज्य शासन से भी अपेक्षा चाहूंगा कि यह राशि किसानों के कल्याण के लिए और किसानों की राहत के लिए तत्काल उनके खातों में ट्रांसफर करें । इस राशि का किसी और मद में या जो कांग्रेस का घोषणापत्र है, उसके अनुरूप उपयोग करने के लिए उसका उपयोग न हो, इसके लिए मैं आपसे पुन:-पुन: आग्रह करूंगा ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री सुधीर गुप्ता द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।